
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

15 फरवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफलता का कोई मंत्र नहीं है, यह तो

सिर्फ परिश्रम का फल है।

स्वामी विवेकानंद जी



राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

15 फरवरी

मधु प्रिया

## गैलीलियो गैलिली का जन्म 15 फरवरी



इस महान विचारक का जन्म आधुनिक इटली के पीसा नामक शहर में एक संगीतज्ञ परिवार में हुआ था। आधुनिक इटली का शहर पीसा **15** फ़रवरी **1564** के महान वैज्ञानिक गैलीलियो गैलिली के जन्म को भी ईश्वर की रचना का दोष मानकर ऐतिहासिक भूल कर बैठा था। गैलीलियो के द्वारा प्रतिपादित सिंद्धांतो से धार्मिक मान्यताओं का खंडन होता था जिसके लिये गैलीलियो को ईश्वरीय मान्यताओं से छेडछाड करने के लिये सारी उम्र कारावास की सजा सुनायी गयी। इनके पिता विन्सौन्जो गैलिली उस समय के जाने माने संगीत विशेषज्ञ थे। वे "ल्यूट" नामक वाद्य यंत्र बजाते थे, यही ल्यूट नामक यंत्र बाद में गिटार और बैन्जो के रूप में विकसित हुआ। अपनी संगीत रचना के दौरान विन्सौन्जो गैलिली ने तनी हुयी डोरी या तार के तनाव और उससे निकलने वाले स्वरों का गहनता से अध्ययन किया तथा यह पाया कि डोरी या तार के तनाव और उससे निकलने वाली आवाज में संबंध है। पिता के द्वारा संगीत के लिये तनी हुयी डोरी या तार से निकलने वाली ध्वनियों के अंतरसंबंधों के परिणामों का वैज्ञानिक अध्ययन उनके पुत्र गैलीलियो द्वारा किया गया। इस अध्ययन को करने के दौरान बालक गैलीलियो के मन में सुग्राहिता पूर्ण प्रयोग करते हुये उनके परिणामो को आत्मसात करने की प्रेरणा प्रदान की।

इनको परीक्षा मूलक (प्रयोगात्मक) विज्ञान का जनक माना जाता है। इन्होंने दोलन का सूत्र का प्रतिपादन किया। इन्होंने दूरबीन का आविष्कार किया। उसने दूरदर्शी यंत्र को अधिक उन्नत बनाया। उसकी सहायता से अनेक खगोलीय प्रेक्षण लिये तथा कॉपरनिकस के सिद्धान्त का समर्थन किया। उन्हें आधुनिक प्रायोगिक खगोलिकी का जनक माना जाता है

# महाशिवरात्रि विशेष




**महाशिवरात्रि** भारतीयों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। माघ फागुन फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व पत्नी पार्वती की पूजा होती हैं।


राकेश कुमार

# पुण्यतिथि विशेष 15 फरवरी

बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी,
खूब लड़ी मर्दानी, वह तो झांसी वाली रानी थी।
- सुभद्रा कुमारी चौहान



हिन्दी की सुप्रसिद्ध कवयित्री और लेखिका,
एवं स्वाधीनता संग्राम सेनानी

## स्व. सुभद्रा कुमारी चौहान

की पुण्यतिथि पर

## विनम्र श्रद्धांजलि

सुभद्रा कुमारी चौहान ( जन्म : **16** अगस्त **1904** मृत्यु - **15** फरवरी **1948** ) हिन्दी की सुप्रसिद्ध कवयित्री और लेखिका थीं। झाँसी की रानी (कविता) उनकी प्रसिद्ध कविता है। वे राष्ट्रीय चेतना की एक सजग कवयित्री रही हैं। स्वाधीनता संग्राम में अनेक बार जेल यातनाएँ सहने के पश्चात अपनी अनुभूतियों को कहानी में भी व्यक्त किया।



# TOB
# खेल कॉर्नर





## टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार सबसे ज्यादा जीत

| टीम | लगातार जीत | सीजन |
|---|---|---|
| भारत | 10* | 2024–2026 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 2024 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 2022–2024 |
| इंग्लैंड | 7 | 2010–2012 |
| भारत | 7 | 2012–2014 |

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत

| जीत का अंतर | Vs | वेन्यू | साल |
|---|---|---|---|
| 93 रन | नामीबिया | दिल्ली | 2026 |
| 90 रन | इंग्लैंड | कोलंबो (RPS) | 2012 |
| 73 रन | ऑस्ट्रेलिया | मीरपुर | 2014 |
| 71 रन | जिम्बाब्वे | मेलबर्न | 2022 |
| 68 रन | इंग्लैंड | प्रोविडेंस | 2024 |

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **15.02.2026**

## ज्ञान सृजन

ज्ञान सृजन **(Knowledge Creation)** एक सक्रिय और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति या समूह अपने अनुभवों, सूचनाओं और आपसी संवाद के माध्यम से नए विचारों, अंतर्दृष्टियों और समझ को विकसित करते हैं। यह केवल सूचना एकत्र करना नहीं है, बल्कि उस सूचना को मूल्यवान और उपयोगी 'बोध' में बदलना है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





**अजंता की गुफाएं** कुल 29 हैं, जिन्हें घोड़े की नाल जैसी पहाड़ी को काटकर बनाया गया है। ये करीब **2000 साल पुरानी बौद्ध गुफाएं** हैं। इनके अंदर बनी पेंटिंग्स और मूर्तियां आज भी दुनिया भर के **कलाकारों** को चौंका देती हैं, क्योंकि अंधेरे में इतनी **बारीक कला** करना आज भी आसान नहीं है।

# पद्य पंकज

"

सारा जीवन सपाट,समतल मैदान है,
जिसमे कहीं कहीं गड्ढे तो है पर टीलों,
पर्वतो,घने जंगलों, गहरी घाटियों और
खंडहरों का स्थान नहीं है।


**मुंशी प्रेमचंद**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मिर्जा गालिब
जन्म- 27 दिसंबर 1796
मृत्यु- 15 फरवरी 1869
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS




# के॰ जी॰ सुब्रमण्यम


जन्म- 15 फरवरी 1924

मृत्यु- 29 जून 2016

Madhu priya

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
क्रान्तिकारी और साहित्यिक
वीरांगना
सुभद्रा कुमारी चौहान
की पुण्यतिथि पर नमन।
16 अगस्त 1904-15 फरबरी 1947
Madhu priya
www. teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
15 February
HAPPY
Maha Shivratri
OM NAMAH SHIVAYA
May the divine energy of Lord Shiva bring peace, prosperity, and
happiness into your life. Wishing you a blessed Maha Shivratri!
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

15 फरवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा और मेहनत एक सुनहरी चाबी होती है जो बंद भाग्य के दरवाजों को आसानी से खोल देती है।



\- स्वामी विवेकानंद

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org